प्रेषक

रिटर्निंग अधिकारी
84–पलवल विधानसभा चुनाव क्षेत्र
एवं उपमण्डल अधिकारी(ना0) पलवल।

प्रेषित

श्री करण सिंह दलाल
उम्मीदवार, इण्डियन नेशनल कांग्रेस

**क्रमांक /निर्वाचन–2024/646, दिनांक** 23-10-2024

**विषयः– Complaint regarding full battery levels in the EVM machines dated 10-10-2024.**

**उपरोक्त विषय पर आपकी शिकायत दिनांक शून्य जो मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा सरकार के पत्र क्रमांक Elec-2024/F-109(358)MCC/VS/4AE 12209 दिनाक 16.10.2024 के माध्यम से इस कार्यालय में प्राप्त हुई है। इस शिकायत में हरियाणा विधानसभा के साधारण निर्वाचन– 2024 में मतगणना के संबंध में मुख्यतः** निम्नलिखित **आरोप लगाए गए हैः–**

**"मतगणना के दिन कई ईवीएम की बैटरी प्रतिशत 91% तक पाई गई।"**

1. उपरोक्त विषय के सन्दर्भ आपको अवगत करवाया जाता है कि कंट्रोल यूनिट में कमीशनिंग के दौरान बैटरी डालकर सील की गई थी और कमीशिनिंग के दौरान आपके प्रतिनिधि श्री रविन्द्र शर्मा उपस्थित थे। सम्पूर्ण चुनाव प्रकिया के दौरान माननीय चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों अनुसार रिटर्निगं अधिकारी द्वारा उम्मीदवार व उनके प्रतिनिधि को प्रत्येक प्रकिया में शामिल करने के लिए लिखित रूम में नोंटिस दिया गया था तथा हर प्रकिया सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में की गई इसलिए इससे छेडछाड करना असंभव है। EVM के कन्ट्रोल यूनिट मे एल्कालाईन बैटरी का उपयोग होता है। यह एक उच्च गुणवत्ता की बैटरी है जो कन्ट्रोल यूनिट के साथ चार बैलैट यूनिट लगाने पर भी 2000 वोटों तक के लिए सक्षम है।

एक नए पॉवर पैक की प्रारम्भिक वोलटैज लगभग 7.4 से 8.0 वौल्ट तक होती है तथा इसकी पावर खपत बहुत कम होती है। बैटरी की क्षमता 99 प्रतिशत प्रदर्शित तब होती है जब सीयू की वोलटेज 7.4 के उपर हो। उपयोग के साथ बैटरी की क्षमता और वोल्टेज कम होती जाती है। जैसे ही वोल्टैज 7.4 से कम होता है बैटरी 98 प्रतिशत से नीचे प्रदर्शित होने लगती है। एक कन्ट्रोल यूनिट को सुचारू रूप से चलाने के लिए बैटरी में केवल 5.8 से अधिक वोल्ट रहने की आवश्यकता होती है। डिस्पले में प्रदर्शित प्रतिशत बहुत से कारकों पर निर्भर करती है जैसे कि कन्ट्रोल यूनिट में किये गए मौक पोल, वास्तविक पोल तथा बैटरी की प्रारम्भिक वोल्टेज इत्यादि। इसलिए यह विभिन्न मतदान केन्द्रों की इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में भिन्न–भिन्न हो सकती है।

2. साधारण निर्वाचन से लगभग छह माह पूर्व से निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया का आरम्भ होता है। सर्वप्रथम EVM की FLC की जाती है। इस प्रकार, अधोहस्ताक्षरी निर्वाचन संपन्न होने तक निरंतर कार्यरत रहे हैं। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि एक रिटर्निंग ऑफिसर आयोग के दिशा–निर्देशों के अंतर्गत तथा उनके द्वारा बनाए गए मानकों के अनुरूप निरंतर कार्यरत रहते हैं। मैंने रिटर्निंग ऑफिसर की हैसियत से अपनी पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से निर्वाचन कार्य को इसके विभिन्न सोपानों से गुजरते हुए अपने कर्तव्य का निष्पादन किया है। आपकी उक्त शिकायत के कारण मुझे अत्यधिक पीड़ा हुई है और मेरे मनोबल को ठेस पहुंची है। तथापि मैं आपकी उक्त शिकायत के संदर्भ में पूरी प्रक्रिया को संक्षेप रूप में बताना चाहती हूं।

3. आयोग द्वारा अपने विभिन्न अनुदेशों/दिशानिर्देशों में परिभाषित प्रशासनिक सुरक्षात्मक उपायों के साथ प्रौद्योगिकीय सुरक्षात्मक विशेषताएं, EVM को पूरी तरह से हेर–फेर से मुक्त बनाती हैं। आयोग ने विनिर्माता कम्पनी से EVM के परिवहन से लेकर भण्डारन तक प्रत्येक पहलू के लिए चैकलिस्ट तैयार की है। जिसकी जिला चुनाव अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी व अन्य चुनाव अधिकारियों द्वारा दृढता से पालना की जाती है। इसके अलावा, चुनाव के विभिन्न चरणों में किसी भी संभाविता का निराकरण करने के लिए क्या करें और क्या न करें भी निर्दिष्ट किए गए हैं।

4. आयोग के दिशा निर्देशानुसार EVM को मतदान से पहले, मतदान के दौरान या मतदान के बाद या भंडारण/परिवहन के दौरान किसी भी तरह की हेर–फेर/जोड़–तोड़ से सुरक्षित रखा जाता है। आयोग द्वारा जारी सुरक्षोपाय प्रत्येक चरण पर राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों की सक्रिय और अच्छी तरह से दस्तावेजीकृत सहभागिता के साथ पारदर्शी ढंग से लागू किए जाते हैं ताकि EVM की क्षमता और विश्वसनीयता के प्रति उनका विश्वास रहे। ये सभी प्रकार्य और प्रक्रियाएं आयोग के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण में जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारियों या वरिष्ठ जिला अधिकारियों के स्तर पर क्रियान्वित किए जाते हैं, जिसके बारे में आप भली–भांति अवगत हैं। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के एजेंटों की भागीदारी की प्रणाली इतनी सशक्त है कि EVM मशीनों में कोई भी बदलाव या एक स्थान से दूसरे स्थान पर इनका स्थानांतरण राजनीतिक प्रतिनिधियों की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। इस प्रक्रिया के प्रमुख बिंदु दोबारा आपकी जानकारी के लिए नीचे प्रस्तुत किए जा रहे हैं:

## 5. FLC:-

5.1. आयोग के पत्र सं. 51/8/16/9/2017–ईएमएस (पीएंडएल) दिनांक 09.11.2017 व EVM मैनुअल (अगस्त, 2023) में समाविष्ट आयोग के अनुदेशों के अनुसार, राज्य में प्रत्येक चुनाव से पहले ईवीएम के दोनों भागों और वीवीपैट की गहन FLC की जाती है। FLC का उद्देश्य चुनावों में प्रयुक्त की जाने वाली EVM & VVPAT की प्रामाणिकता और उपयुक्तता सुनिश्चित करना है। FLC जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) की निगरानी में पूरी तरह से मोर्चाबंद और सुरक्षित क्षेत्र में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में BEL/ECIL कंपनी के इंजीनियरों द्वारा की जाती है। डीईओ द्वारा एफएलसी का विस्तृत कार्यक्रम जिला स्तर पर प्रत्येक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के

साथ उपयुक्त पावती के अधीन लिखित रूप में साझा किया जाता है राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से एफएलसी के दौरान उपस्थित रहने का अनुरोध किया जाता है।

5.2 FLC प्रत्येक बीयू, सीयू और वीवीपैट का एक नैदानिक परीक्षण है जो मशीनों की पूर्ण प्रकार्यात्मकता की जांच करने के लिए विनिर्माता द्वारा विहित किया गया है।

जांच के उपरांत, विनिर्माता इस बात का उचित प्रमाण पत्र देते हैं कि ईवीएम के सभी पूर्जेऔरिजनल हैं।

5.3 FLC, BEL द्वारा विस्तृत SOP के अनुसार चौबीसों घंटे सशस्त्र पुलिस बलों की मौजूदगी में एक बड़े हॉल में 24X7 सीसीटीवी कवरेज के साथ की गई जहां प्रत्येक प्रवेश और निकास द्वार पर परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का उचित रिकार्ड रखने के लिए लॉग बुक रखी गई। सम्पूर्ण FLC प्रक्रिया की निगरानी डीईओ और सीईओ स्तर पर कंट्रोल रूम में वेबकास्टिंग के माध्यम से किया गया और उसकी रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत की जाती है।

5.4 जैसा कि ऊपर स्पष्ट किया गया है, FLC के प्रत्येक चरण में राजनीतिक दलों/उनके प्रतिनिधि को उनकी पूर्ण संतुष्टि के लिए उन्हें किसी भी मशीन को चुनने और स्वयं मॉक पोल करने की अनुमति दी गई।

5.5. FLC के दौरान मशीनों को पिंक पेपर सील से सीलबंद किया गया। मेरे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 84–पलवल में FLC, जिला मुख्यालय में 01.08.2024 से 16.08.2024 तक में संचालित किया गया था।

## 6. FLC के बाद भंडारण:

6.1 आयोग ने स्ट्रांग रूम में "FLC OK EVM" के भंडारण के लिए और वहां चौबीसो घंटे सुरक्षा के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। स्ट्रांग रूम में 24x7 सुरक्षा बनाए रखने के लिए राज्य सशस्त्र पुलिस बल का कम से कम एक सेक्शन तैनात किया जाता है। ऐसे स्ट्रांग रूम और गलियारों के प्रवेश बिंदु पर डीवीआर युक्त 24x7 सीसीटीवी कवरेज होगा। प्रवेश बिंदु पर तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा लॉग बुक बनाए रखी गई।

6.2 जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), पुलिस अधीक्षक (एसपी), प्रेक्षक और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों स्ट्रांग रूम का दौरा किया जाता है।

6.3 यह व्यवस्था उस समय तक जारी रहती है जब तक कि चुनाव की तैयारी के लिए EVM का प्रथम रैंडमाइजेशन नहीं कर लिया जाए।

6.4 पलवल जिले में, "FLC OK EVM" के लिए स्ट्रांग रूम EVM नेताजी सुभाष चन्द्र बोस खेल परिसर पलवल पर स्थापित किए गए थे।

**7. EVM का रैंडमाइजेशनः**

7.1 भंडार में रखी गई ईवीएम का ईपीएम प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) के जरिए दो बार रैंडमाइज की जाती है। यह सोफटवेयर भारत निर्वाचन आयोग की आईटी टीम द्वारा विकसित किया गया है।

7.2 प्रथम रैंडमाइजेशन

(i) EVM के प्रथम रैंडमाइजेशन से पहले प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम के लिए अधिकतक 10 प्रतिशत– ईवीएम "प्रशिक्षण और जागरूकता" मार्किंग के साथ अलग रखी जाती है। जिसकी सूची राजनैतिक दलों को भी दी जाती है। जिला निर्वाचन अधिकारी रैंडमाइजेशन के लिए जिले में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को नियत पावती के साथ कम से कम 48 घंटे पहले लिखित रूप में निमंत्रण भेजता है।

(ii) डीईओ द्वारा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों/खंडों में रैण्डमाईज रूप से मशीनें आबंटित करने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईएमएस के माध्यम से प्रथम रैंडमाइजेशन किया जाता है। रैंडमाइज EVM की सूची राजनीतिक दलों को दी गई और उनसे पावती ली गई।

(iii) पलवल में, प्रथम रैंडमाइजेशन 02.09.2024 को आयोजित किया गया और मेरे निर्वाचन क्षेत्र .84–पलवल के लिए आबंटित मशीनें मेरे द्वारा 02.09.2024 को प्राप्त की गई थीं।

(iv) मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लिए आबंटित ईवीएम डॉ भीमराव अम्बेडकर कॉलेज, पलवल पर पृथक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र स्ट्रॉग रूम में स्टोर किया गया था। भंडारण की सम्पूर्ण प्रक्रिया वीडियोग्राफी के अधीन पूरी की गई थी। जैसा कि आयोग के अनुदेशों में विहित किया गया है, सुरक्षा और सीसीटीवी कवरेज के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई थीं।

**7.3. द्वितीय रैंडमाइजेशन –**

(i) उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा ईवीएम का द्वितीय रैंडमाइजेशन ईएमएस के माध्यम से किया जाता है।

(ii) यह रैंडमाइजेशन उम्मीदवार/उनके प्रतिनिधियों और आयोग के प्रेक्षक (श्री शिवराज सिंह वर्मा, आई0ए0एस0, एम0पी0) की उपस्थिति में किया गया था।

(iii) उम्मीदवारों को द्वितीय रैंडमाइजेशन के कार्यक्रम की सूचना को लिखित रूप में दी गई ।

(iv) मैंने उम्मीदवारों और श्री शिवराज वर्मा, आई0ए0एस0 की उपस्थिति में 24.09.2024 को EVM के द्वितीय रैंडमाइजेशन का संचालन किया।

**8. EVM को चालू करना (कमीशनिंग)–**

8.1 उम्मीदवारियां वापस लेने के पश्चात, रिटर्निंग अधिकारी EVM को चालू करने और उनमें उम्मीदवारों को सेट करने का कार्यक्रम तैयार करते हैं। सभी उम्मीदवारों को समुचित पावती के साथ कार्यक्रम की सूचना दी गई जिसमें उनसे मशीनों को चालू करने की प्रक्रिया में भाग लेने का भी अनुरोध किया गया। उम्मीदवारों से Mock Poll प्रक्रिया में भाग लेने का अनुरोध किया गया था।

8.2 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मशीनों को चालू करने का कार्य पूर्ण सुरक्षा कवरेज और 24X7 सीसीटीवी कवरेज में सुरक्षित परिवेश में एक पृथक हॉल में किया गया।

8.3 चालू करने (कमीशनिंग) के कार्य का संचालन सहायक रिटर्निंग अधिकारियों और आरओ द्वारा तैनात किए गए अन्य अधिकारियों द्वारा BEL की तकनीकी टीम की सहायता से आयोग के प्रेक्षक और सभी उम्मीदवारों की उपस्थिति में किया गया।

8.4 अधिक पारदर्शिता लाने के लिए वीवीपैट में लोड किए जा रहे प्रतीकों को प्रदर्शित करने के लिए उम्मीदवारों/उनके प्रतिनिधियों के लिए प्रत्येक सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) के साथ अलग से टीवी मॉनिटर संस्थापित किए गए।

8.5 पहले, बैलेट यूनिट (बीयू) तैयार और सीलबंद किया गया, तब वीवीपैट यूनिट तैयार की गई। एक नया पावर पैक (बैटरी) और नया पेपर रोल संस्थापित वीवीपैट में किया जाता है। वीवीपैट कम्पार्टमेंट को सील बंद करने के पश्चात, कंट्रोल यूनिट (सीयू) तैयार किया गया और उसमें उम्मीदवारों की संख्या सेट की जाती है। सीयू में एक बिलकुल नया पावर पैक भी संस्थापित किया जाता है।

8.6 सभी तीनों यूनिटों को तैयार करने एवं पुरानी प्रयुक्त की गई बैटरी को बिलकुल नई बैटरी से प्रतिस्थापित करने के बाद सीयू, बीयू और वीवीपैट के तारों को जोड़ा गया और इस बात की जांच करने के लिए कि EVM & VVPAT ठीक तरीके से काम कर रही हैं या नहीं, Mock Poll किया गया।

8.7 संपूर्ण प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, मशीन को बंद कर दिया गया, वीवीपैट तथा सीयू को सीलबंद कर दिया गया। वीवीपैट और सीयू के बैटरी सेक्शनों को भी थ्रेड, सील और एड्रेस टैग का इस्तेमाल करके सीलबंद कर दिया गया।

8.8 कमीशनिंग के बाद मशीनें आयोग द्वारा सभी प्रोटोकॉल के साथ पुनः स्ट्रांग रूम में स्टोर की गई थीं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र 84—पलवल के लिए EVM की कमीशनिंग और भंडारण 25.09.2024 से 28.09.2024 को डॉ भीमराव अम्बेडकर कॉलेज में राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया था।

## 9. **EVM Dispersal :**

9.1 आयोग के अनुदेशों के अनुसार पोलिंग टीमों की रवानगी के समय रिटर्निंग अधिकारी उम्मीदवारों को स्ट्रांग रूम खोलने की तारीख और समय की सूचना लिखित रूप दी गई थी।

9.2 रिटर्निंग अधिकारी की मौजूदगी में, आयोग के प्रेक्षक और उम्मीदवार/उनके एजेंट, पोलिंग टीमों के पीठासीन अधिकारी इस बात की पूरी तरह जांच करते हैं कि बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट विधिवत रूप से सीलबंद किए गए हैं और उनकी मुहर और पता टैग अक्षत हैं और बैटरियां संस्थापित हैं। उम्मीदवार, सुरक्षा कार्मिक के साथ पोलिंग पार्टियों की रवानगी भी देखते हैं।

9.3 EVM नियंत्रण कक्ष द्वारा पोलिंग टीमों और EVM को ढोने वाले वाहनों की मूवमेंट की निगरानी जीपीएस और मोबाइल आधारित ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए राज्य के डीईओ और सीईओ के स्तरों पर किया जाता है (कृपया अनुदेशों के सार–संग्रह, 2024 (खंड I) में उपलब्ध आयोग के अनुदेश सं. 51/8/आईएनएसटी/2019–ईएमपी, दिनांक 05.02.2019 का अवलोकन करें) आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त निर्वाचन क्षेत्र के प्रेक्षक इस संबंध में निर्गत आयोग के अनुदेशों के कड़ाई से अनुपालन की निगरानी करते हैं।

**10. मतदान दिवस की व्यवस्थाएं:**

10.1 आयोग ने अपने अनुदेश सं. 51/8/अनु./2023–ईएमएस, दिनांक 16.10.2023 के जरिए मतदान के दिन मतदान केंद्र पर ईवीएम हैंडलिंग और पीठासीन अधिकारी और पोलिंग पदधारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों/कर्तव्यों की एक विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित की है।

10.2 वास्तविक मतदान आरंभ होने से पूर्व, आयोग के अनुदेश सं. 51/8/7/2019–ईएमएस, दिनांक 30.09.2019 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार उम्मीदवारों के मौजूद पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में पीठासीन अधिकारी द्वारा मॉक पोल संचालित किया गया।

10.3 मॉक पोल में कम से कम 50 वोट डाले जाते हैं ताकि नोटा सहित प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए वोट दर्ज हो जाएं। मॉक पोल के परिणामों को अभिनिश्चित करने के बाद, वीवीपैट पर्चियां निकाली गईं और मॉक पोल के आंकड़ों को सीयू से हटा दिया जाता है और कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट को फिर से विधिवत रूप से सीलबंद कर दिया जाता है।

10.4 मॉक पोल की पूरी प्रक्रिया पोलिंग एजेंटों को दिखाई गई और उनके हस्ताक्षर लिए गए। उन्हें पेपर सीलों और थ्रेड सीलों पर भी हस्ताक्षर करने की अनुमति दी जाती है। पीठासीन अधिकारी द्वारा मॉक पोल की तारीख और समय के साथ एक Mock Poll Certificate भी दिया गया।

10.5 पीठासीन अधिकारी मॉक पोल प्रमाण पत्र और पीठासीन अधिकारियों की डायरी में वास्तविक मतदान आरंभ होने की तारीख और समय भी किया गया।

10.6 आयोग ने वास्तविक मतदान के दौरान आकस्मिक स्थितियों से निपटने के लिए पोलिंग पदधारियों को दिशानिर्देश जारी किए हैं।

10.7 कंट्रोल यूनिट में कमजोर बैटरी के संकेत की दशा में, कंट्रोल यूनिट या वीवीपैट का पावर पैक, जो भी मामला हो, आयोग की पत्र सं. 51/8/7/2020–ईएमएस, दिनांक 25.08.2020 में समाविष्ट निर्देशों के अनुसार तत्काल बदले जाने होते हैं।

10.8 चुनाव दल की सहायता के लिए, विनिर्माण कंपनी के इंजीनियर के साथ सेक्टर अधिकारी भी फील्ड में उपलब्ध थे। सेक्टर अधिकारी को आरक्षित मशीनें आबंटित की जाती है।

10.9 यदि किसी मशीन को बदला गया, तो मॉक पोल और सीलबंद करने की संपूर्ण प्रक्रिया नई मशीन पर दोहराई गई। पोलिंग एजेंटों को मुहरों पर अपने हस्ताक्षर करने की अनुमति दी गई।

10.10 मतदान की समाप्ति के बाद, पीठासीन अधिकारी कंट्रोल यूनिट का 'क्लोज़' बटन दबाकर मशीन को बंद कर दिया गया। वह फॉर्म 17ग में EVM में दर्ज वोटों की कुल संख्या और पीठासीन अधिकारी की डायरी में मतदान की समाप्ति की तारीख और समय नोट किया गया। फॉर्म 17ग में दर्ज विवरण मतदान की समाप्ति के समय पर मौजूद पोलिंग एजेंटों के साथ साझा किया गया।

10.11 तब पीठासीन अधिकारी बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपीएटी को डिस्कनेक्ट कर दिया गया और बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट को कैरिईंग केस में डाल दिया गया।

10.12 पीठासीन अधिकारी वीवीपैट का पावर पैक (बैटरी) निकाला और फिर मतदान केंद्र में मौजूद पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैट को सीलबंद कर दिया गया।

10.13 मतयुक्त EVM सशस्त्र पुलिस बल की सुरक्षा में कलेक्शन सेंटर ( Dr B R Ambedkar College, Palwal) तक लाई गई।

**11. मतयुक्त ईवीएम का भंडारणः**

11.1 मतयुक्त ईवीएम और आरक्षित नाकाम ईवीएम के भंडारण के लिए, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पहले से ही पृथक स्ट्रांग रूम चिन्हित किए गए। जिनकी सूचना उम्मीदवारों के साथ सांझा की गई।

11.2 मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें उपयुक्त वीडियोग्राफी के तहत अभ्यर्थियों और उनके एजेंटों को पूर्व में सूचना देकर आयोग के पत्र सं. 464/स्ट्रांग रूम/2023–ईपीएस, दिनांक 18.07.2023 के अनुसार, सुरक्षित भंडारण के लिए जमा कर दी गई।

मतयुक्त ईवीएम के लिए वज्र गृह में, संबंधित वर्गों/रैकों में खास–खास मतदान केंद्रों EVM का ढेर लगाने के लिए फ्लोर स्पेस नामोदिष्ट किया गया।

11.3 आयोग ने मतयुक्त EVM के भंडारण के लिए सख्त सुरक्षात्मक एवं संरक्षात्मक उपाय निर्धारित किए हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं–

(i) बिना किसी खिड़की या वैकल्पिक दरवाजे के स्ट्रांग रूम में प्रवेश का एकमात्र रास्ता। स्ट्रांग रूम, जहां मतयुक्त ईवीएम रखी जाती हैं, में डबल लॉक सिस्टम होता है।

(ii) द्विस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहती है जिसमें सबसे भीतरी परिधि सीएपीएफ कवरेज के अधीन और बाह्य परिधि राज्य सशस्त्र पुलिस बल के अधीन रहती है। स्ट्रांग रूम की संरक्षा एवं सुरक्षा के लिए डीवीआर सहित सीसीटीवी कैमरे और निर्बाध बिजली आपूर्ति व्यवस्था की जाती है।

(iii) प्रत्येक प्रवेश, निकास के लिए और सुरक्षा कर्मियों के ड्यूटी रोस्टर के लिए सीएपीएफ द्वारा उचित उपयुक्त लॉग बुक बनाई गई। आंतरिक परिधि को पार करने वाले व्यक्ति की तिथि, समय, अवधि और नाम लॉग बुक में दर्ज किए और प्रत्येक मामले में हस्ताक्षर लिए गए। इसमें प्रेक्षक या जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) या पुलिस अधीक्षक (एसपी) या उम्मीदवार या उनके एजेंट या किसी अन्य व्यक्ति के दौरे (विजिट) शामिल हैं।

(iv) कोई भी वाहन, जिसमें किसी भी पदधारी या मंत्री या किसी अन्य राजनीतिक पदाधिकारी के वाहन शामिल हैं, को उस सुरक्षित परिसर के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं है जहां EVM और वीवीपैट तथा चुनावी कागजात निर्वाचन पत्र स्टोर किए गए हैं।

(v) उम्मीदवारों/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वज्र गृह को खोलते और बंद करते समय प्रवेश बिंदु की निरंतर वीडियोग्राफी की गई थी। उम्मीदवार आंतरिक परिधि के बाहर से वज्र गृह की सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखते रहने के लिए अपने लोगों को तैनात कर सकते हैं।

11.4 मेरे निर्वाचन क्षेत्र 84–पलवल की मतयुक्त EVM साधारण प्रेक्षक श्री शिवराज वर्मा, आई0ए0एस0 और निम्नलिखित दलों के अभ्यर्थियों/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 06.10.2024 को 12:50 AM बजे डॉ भीमराव अम्बेडकर कॉलेज, द्वितीय तल के स्ट्रांग रूम में स्टोर की गई थी। प्रक्रिया की विधिवत वीडियोग्राफी की गई और लॉग बुक में उम्मीदवारों/उनके एजेंटों के हस्ताक्षर भी लिए गए थे। उन्हें स्ट्रांग रूम में सुरक्षा देखने के लिए अपने प्रतिनिधियों को तैनात करने की अनुमति दी गई थी।

**12. फॉर्म 17ए और अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा–**

12.1 फॉर्म 17ए और अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा पूरी होने के बाद, उन्हें उनके संबंधित पैकेटों में फिर से पैक किया गया और लॉग–बुक में प्रविष्टि करने तथा उस समय उपस्थित सभी उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों, प्रेक्षक और रिटर्निंग अधिकारी के हस्ताक्षर लेने के बाद स्ट्रांग रूम को बंद और सीलबंद कर दिया गया।

12.2 मेरे 84–पलवल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में संवीक्षा की प्रक्रिया दिनांकः 06.10.2024 को 11:00 AM में कांफ्रेंस रूम, डॉ बी0आर0 अम्बेडकर कॉलेज, पलवल में श्री शिवराज वर्मा, आई0ए0एस0 और राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई थी।

**13. मतों की गिनती:**

13.1 मतगणना के दिन, मतयुक्त EVM वाले स्ट्रांग रूम को उम्मीदवारों/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों, भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक, आरओ/एआरओ की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के अधीन खोला गया। मतयुक्त EVM को स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल तक ले जाने की तैयारी मोर्चाबंद रास्ते/निरापद रास्ते से सुरक्षित तरीके से की गई। मतयुक्त EVM की मूवमेंट की वीडियोग्राफी भी की गई।

13.2 मतगणना हॉल में केवल कंट्रोल यूनिट ही लाई गई। कंट्रोल यूनिट को चालू करने से पहले, उम्मीदवारों के मतगणना एजेंटों की उपस्थिति में मतगणना स्टाफ द्वारा सील की गहन जांच की गई।

13.3 कंट्रोल यूनिट में दर्ज मतों का मिलान फॉर्म 17ग में उल्लिखित मतों की कुल संख्या से किया गया, जिसे पहले ही मतदान केंद्रों पर उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंटों के साथ साझा किया गया था। कंट्रोल यूनिट पर मतदान का प्रारंभ समय एवं तारीख और मतदान की समाप्ति समय और तारीख सत्यापित की जाती है और पोलिंग एजेंटों को दिखाई गई।

13.4 आयोग ने पोलिंग स्टाफ द्वारा प्रक्रियात्मक चूक करने या मतदान की तारीख और समय के विवरण में असंगति के मामले में उत्पन्न होने वाली विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए स्पष्ट अनुदेश दिए हैं।

13.5 प्रत्येक चक्र की मतगणना पूरी होने पर, रिटर्निंग अधिकारी उस चक्र के परिणाम की घोषणा की गई। EVM में मतों की गणना के आखिरी चक्र के अंत में, रिटर्निंग अधिकारी प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 5 Randomly चयनित मतदान केंद्रों की वीवीपैट पर्चियों का अधिदेशात्मक सत्यापन किया गया। इन 5 EVM का Randomly चयन आयोग द्वारा अपने अनुदेश सं. 51/8/वीवीपैट–अनु./2019–ईएमपीएस, दिनांक 15.04.2019 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आरओ द्वारा चिट्ठी डालने (ड्रॉ ऑफ लॉट) के माध्यम से किया गया।

13.6 मतगणना के शुरू होने से लेकर परिणाम घोषित किए जाने तक आयोग के प्रेक्षक मौजूद बने रहे।

13.7 मेरे निर्वाचन क्षेत्र 84–पलवल में, डॉ बी0आर0 अम्बेडकर, द्वितीय तल, पलवल में 08.10.2024 को आयोग के प्रेक्षक श्री शिवराज वर्मा, आई0ए0एस0 और उम्मीदवार/उनके मतगणना/चुनाव एजेंट की उपस्थिति में मतगणना संपन्न हुई। वैसे मतदान केंद्र जो अधिदेशात्मक वीवीपैट पर्ची गणना के लिए Randomly चयनित किए गए थे, क्रम सं. (बूथ नं0–31,34,49,222,266) पर थे।

14. उपर्युक्त से यह स्पष्ट है कि राजनीतिक दल और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार/उनके एजेंट चुनाव की विभिन्न प्रक्रियाओं में शामिल रहे हैं। आयोग के प्रत्येक दिशा–निर्देशों का पालन किया गया एवं समय–समय पर आपको इन प्रक्रियाओं के बारे में समय से सूचित भी किया गया। आप व आपके उम्मीदवार/प्रतिनिधि विभिन्न प्रक्रियाओं में शामिल रहे थे तथा चुनाव के विभिन्न सोपानों का उनके समक्ष कार्यान्वयन किया गया है जिनका पुनः विवरण निम्नवत है:–

i. FLC का कार्यक्रम पलवल के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पत्र सं. 2114, दिनांक 30.07.2024 के जरिए आईएनसी सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ लिखित रूप में यह अनुरोध करते हुए साझा किया गया था कि इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने के लिए प्रतिनिधियों को भेजें। (Annexure-A1) आपके प्रतिनिधि श्री लोकेश INC कार्यालय द्वारा उक्त पत्र दिनांक 30.07.2024 को प्राप्त किया गया। (Annexure-A2) FLC प्रक्रिया के दौरान आपके प्रतिनिधि श्री राशिद खान दिनांक 06.08.2024, श्री राहुल व राशिद दिनांक 07.08.2024 और श्री महावीर व राहुल दिनांक 13.08.2024 उपस्थित थे। (Annexure-A3)

ii. EVM के प्रथम रैंडमाइजेशन का कार्यक्रम पलवल जिला के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पत्र सं. 2619 दिनांक 30.08.2024 के जरिए आईएनसी सहित सभी मान्यता प्राप्त

राजनीतिक दलों के साथ लिखित रूप में यह अनुरोध करते हुए साझा किया गया था कि इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने के लिए प्रतिनिधियों को भेजें। (Annexure-B1)

(Annexure-B2) Attendance sheet on dated:02.09.2024 at 10:00 am

| Sr. No | Name | Political Party Name |
|---|---|---|
| 01 | Rajender Jakhad | INLD |
| 02 | Pawan Dudy | JJP |
| 03 | Moolchand Badgujar | AAP |
| 04 | Mavashi Ram | BSP |
| 05 | Mahavir | INC |

iii. प्रथम रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान श्री महावीर (आईएनसी के प्रतिनिधि) उपस्थित थे। यह प्रक्रिया सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों की संतुष्टि के साथ पूरी हुई और आईएनसी सहित किसी के भी द्वारा कोई मुद्दा नहीं उठाया गया था।

iv. EVM के द्वितीय रैंडमाइजेशन का कार्यक्रम 84–पलवल विधानसभा के लिए आरओ होने के नाते मेरे द्वारा पत्र सं.134–146, दिनांक 22.09.2024 के जरिए आईएनसी उम्मीदवार श्री करण सिंह दलाल सहित चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों के साथ लिखित रूप में यह अनुरोध करते हुए साझा किया गया था कि द्वितीय रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहें। (Annexure-C1)

(Annexure-C2) Attendance sheet on dated:24.09.2024 at 11:00 am

| Sr. No | Name | Political Party Name |
|---|---|---|
| 01 | Satish Bainshla | BJP |
| 02 | Hemant Rawat | Ind. |
| 03 | Mamta | Ind. |

| | | |
|---|---|---|
| 04 | Shiv Singh | AAP |
| 05 | Inderpal Sharma | BJP |
| 06 | Gopal Dutt | Samata Party |
| 07 | Anil Kumar | INLD |
| 08 | Mahabir | JJP |
| 09 | Mahavir | INC |
| 10 | Rajender Singh | BSP |
| 11 | Nand Ram | BSP |
| 12 | Mohd. Sohil | INLD |
| 13 | Nand Kishor | INLD |
| 14 | Moolchand Badgujar | AAP |

v. द्वितीय रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान आपके प्रतिनिधि श्री महावीर उपस्थित थे। यह प्रक्रिया सभी उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों की संतुष्टि के साथ पूरी हुई और किसी के भी द्वारा कोई आपत्ति नहीं उठाई गयी थी।

vi. पुनः, मेरे निर्वाचन क्षेत्र अर्थात 84–पलवल विधानसभा के संबंध में EVM को चालू करने (कमीशनिंग) का कार्य 25.09.2024–28.09.2024 को Dr B R Ambedkar College, Palwal, 2nd Floor पर किया गया था। मेरे द्वारा इसका कार्यक्रम पत्र सं. 178–190., दिनांक 24.09.2024 के जरिए आईएनसी उम्मीदवार (श्री करण सिंह दलाल) सहित सभी उम्मीदवारों के साथ लिखित रूप में यह अनुरोध करते हुए साझा किया गया था कि कार्यक्रम का निरीक्षण करें और मॉक पोल में भाग लें। (Annexure-D1)

(Annexure-D2) Attendance sheet on dated:28.09.2024 at 06:08 pm

| Sr. No | Name | Political Party Name |
|---|---|---|
| 01 | Ravinder Sharma | INC |

| | | |
|---|---|---|
| 02 | Inderpal Sharma | BJP |
| 03 | Gopal Dutt | Samata Party |
| 04 | Umesh Kumar | AAP |
| 05 | Puneet Singh | BSP |

vii. कमीशनिंग प्रक्रिया के दौरान, आपके प्रतिनिधि श्री रविन्द्र शर्मा उपस्थित थे। कमीशनिंग के समय आपके प्रतिनिधि द्वारा कोई मुद्दा नहीं उठाया गया था। यह प्रक्रिया सभी उम्मीदवारों/उनके प्रतिनिधियों की संतुष्टि के साथ मेरी उपस्थिति में पूरी हुई।

viii. कमीशनिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुनः मेरे विधान सभा चुनाव क्षेत्र 84 पलवल में पत्र कमांक 275—287 दिनांक 27.09.2024 के माध्यम से सभी उम्मीदवारों को मॉक पोल बारे अवगत करवाया गया था (Annexure-E1)

दिनांक 28.09.2024 को Dr B R Ambedkar College, Palwal, 2nd Floor पर मॉक पोल के लिए कुल 17 EVM चुनी गई। मॉक पोल के दौरान आपके प्रतिनिधि श्री रविन्द्र शर्मा सहित उपस्थित उम्मीदवार/प्रतिनिधियों द्वारा कोई आपत्ति ना होने पर मॉक पोल सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर किये गये। कमीशनिंग व मॉक पोल प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी ई0वी0एम0 मेरे हस्ताक्षर और आपके हस्ताक्षर/आपके प्रतिनिधि के हस्ताक्षर के अंतर्गत सीलबंद की गई थीं।

(Annexure-E2) Attendance sheet on dated:28.09.2024

| Sr. No | Name | Political Party Name |
|---|---|---|
| 01 | Inderpal Sharma | BJP |
| 02 | Poonit Kumar | BSP |
| 03 | Pradeep Kumar | Samata Party |
| 04 | Mamta Solanki | Ind. |
| 05 | Ravinder Sharma | INC |

ix इसके अतिरिक्त मेरे पत्र सं. 472–84, दिनांक 03.10.2024 के जरिए EVM और पोलिंग पार्टियों के डिस्पपर्सल के दिन 04.10.2024 को स्ट्रांग रूम खोलने के कार्यक्रम के बारे में आपको लिखित रूप से सूचित किया गया था। (Annexure-F1)

x. मतयुक्त EVM पोलिंग पार्टियों द्वारा पूर्व निर्धारित लोकेशन ( Dr B R Ambedkar College, Palwal) पर जमा करने के बारे में कार्यालय के पत्र क्रमांक 506–518, दिनाक 04.10.2024 आपको बता दिया गया था। (Annexure-G1) स्ट्रांग रूम के लॉग रजिस्टर के अनुसार, मतयुक्त EVM आपके प्रतिनिधि श्री प्रेम दलाल और सामान्य प्रेक्षक श्री शिवराज सिंह वर्मा (आई0ए0एस0), 2011 बैच की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में 06.10.2024 को 12:50 a.m में रखी गई थीं और उन सबकी उपस्थिति में स्ट्रांगरूम को बंद भी किया गया था। उस समय भी आपके/आपके प्रतिनिधि की ओर से कोई शिकायत या मुद्दा नहीं उठाया गया था।

(Annexure-G2) Attendance sheet on dated:06.10.2024 at 12:50 am

| Sr. No | Name | Political Party Name |
|---|---|---|
| 01 | Prem Dalal | INC |
| 02 | Inderpal Sharma | BJP |
| 03 | Abhishek Deshwal | BSP |

xi. दिनांक 06.10.2024 को स्ट्रांग रूम बंद होने के बाद से दिनांक 08.10.2024 को मतगणना की तिथि तक मतयुक्त EVM स्ट्रांग रूम में रखी गई थीं, जो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य पुलिस की सुरक्षा में था। अधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही के लिए सख्त प्रोटोकॉल का पालन किया गया था।

xii. मतों की गणना के लिए नियत दिन मतयुक्त EVM के स्ट्रांग रूम को 08.10.2024 को सुबह 07:30 बजे खोला गया था। स्ट्रांग रूम खोलने के दौरान आपके प्रतिनिधि श्री प्रेम दलाल और सामान्ये प्रेक्षक श्री शिवराज सिंह वर्मा (आई0ए0एस0), 2011 बैच भी मौजूद थे। लॉग रजिस्टर पर हस्ताक्षर लिए गए थे। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की गई। उस समय भी, आपने/आपके प्रतिनिधि ने मतयुक्त EVM के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और संरक्षा पर कोई चिंता व्यक्त नहीं की/कोई मुद्दा नहीं उठाया। (Annexure-H1)

मेरे विधान सभा चुनाव क्षेत्र 84 पलवल में पत्र कमांक 289–301 दिनांक 27.09.2024 के माध्यम से सभी उम्मीदवारों को मतगणना बारे अवगत करवाया गया था।

(Annexure-H2) Attendance sheet on dated:08.10.2024 at 07:30 am

| Sr. No | Name | Political Party Name |
|---|---|---|
| 01 | Gaurav Gautam | BJP |
| 02 | Inderpal Sharma | BJP |
| 03 | Prem Dalal | INC |
| 04 | Abhishek Deshwal | BSP |
| 05 | Shiv Dutt | Ind. |
| 06 | Giriraj | Ind. |
| 07 | Gopal Dutt | Samata |
| 08 | Rampal | Ind. |

xiii. इसके अलावा, आपके द्वारा नामित काउंटिंग एजेंट मतगणना की पूरी प्रक्रिया के पूरी होने तक मतगणना हॉल में मौजूद रहे थे। उस दौरान भी आपके उम्मीदवार/आपके प्रतिनिधि द्वारा कोई आपत्ति व्यक्त नहीं की गई।

xiv. उपर्युक्त अवसरों के अतिरिक्त भी समय–समय पर मैंने इंडियन नैशनल कांग्रेस सहित समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की हैं तथा उनके साथ उपयुक्त सूचनाएं साझा की हैं। इसके अतिरिक्त मै रिटर्निंग अधिकारी के रूप में निर्वाचन संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/जानकारी साझां करने के लिए दूरभाष के माध्यम से भी उपलब्ध थी।

xv. इसके अलावा सभी रैंडमाइज EVM की सूची डीईओ द्वारा राष्ट्रीय और राज्यीय स्तर की सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई थी। प्रत्येक चरण में स्ट्रांग रूम से EVM की आवाजाही के समय आप या आपके प्रतिनिधि मौजूद रहे हैं।

xvi. यह दोहराया जाता है कि EVM को सख्त प्रोटोकॉल और हर समय केन्द्रीय सशस्त्रै पुलिस बल (सीएपीएफ), पुलिस आदि के सुरक्षा कवर में रखा गया है। अन्य राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों/प्रतिनिधियों के साथ आप/आपके अधिकृत एजेंट ईवीएम हैंडलिंग के प्रत्येतक चरण – बैटरी सेक्शन को सीलबंद करने के समय से शुरू करके उन्हें वापस स्ट्रांग रूम में रखने तक, मतदान के दिन उन्हें बाहर निकालने के समय, पूरे मतदान के दिन, मतदान बंद होने के समय सीलबंद करने, उन्हें पुनः मतदान केंद्रों से ढोकर स्ट्रांग रूम में ले जाने, मतगणना के दिन उन्हें सभी सील के साथ बाहर लाने तक – में शामिल थे।

xvii. इन सबके अलावा, मेरे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 84–पलवल में श्री शिवराज सिंह वर्मा (आई0ए0एस0), 2011 बैच सामान्यन प्रेक्षक के रूप में, श्री रवि शंकर, 2007 बैच पुलिस प्रेक्षक के रूप में और श्री भवानी शंकर मीना (IRS(C&CE)) 2009 बैच व्यय प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए सभी प्रक्रियाएं प्रेक्षकों की निगरानी में पूरी की गईं। आपके उम्मीगदवारों/एजेंटों द्वारा प्रेक्षकों के समक्ष भी कोई आपत्ति दर्ज नहीं की गई।

